पालिका व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर सांसद सिंह ने नाराजगी जताई, निर्देश दिए

छबड़ा, (निसं)। बारां-झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से सांसद दुष्यंतसिंह ने मंगलवार को छबड़ा पहुंचकर जनता के अभाव-अभियोग सुनकर मौके पर ही जनसमस्याओं का निस्तारण किया। यहां उनके समक्ष आई नगर पालिका व पुलिस विभाग से संबंधित षिकायतों पर अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उन्हें आवशयक दिशा-निर्देश प्रदान दिए।

मंगलवार को सांसद दुष्यंतसिंह दोपहर एक बजे छबड़ा पहुंचे जहां भाजपा कार्यालय पर आयोजित बूथ कार्यशाला में भाग लिया। इसमें पहुंचे बूथ अध्यक्षों व सांसद सिंह की वार्ता चल रही थी कि इसी दौरान बूथ अध्यक्ष मनोज सुमन ने नगर पालिकाध्यक्ष कैसी जैन की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए उनके वार्ड में लगी जनसमस्याओं के अंबार को उजागर कर निस्तारण की मांग की। वहीं बैठे नगर उपाध्यक्ष महावीर सुमन ने सांसद सिंह को अवगत करवाया कि नगर पालिका द्वारा कटिखंडी से चांचौड़ी गेट तक निर्माण कार्य चल रहा हैं वह गुणवत्ताहीन है। सडक निर्माण में ठेकेदार द्वारा बिना पीसीसी के घटिया निर्माण कार्य करवाए जाने का आरोप लगाया और कहा कि सडक निर्माण स्थल के दोनो ओर अतिक्रमियों के अतिक्रमण नही हटाने से सडक निर्माण मे बाधा उत्पन्न हो रही है। इस समस्याओं को दूर नही करने के कारण

बारां-झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से सांसद दुष्यंतसिंह ने छबड़ा पहुंचकर जनता के अभाव-अभियोग सुने।

इस निर्माण कार्य पर जागरूक जनता ने रोक लगवा दी है।

इस मामलें में सांसद द्वारा पालिकाध्यक्ष से ली गई जानकारी के बाद इस मामले को लेकर आधा घंटे तक वार्डवासियो व पालिकाध्यक्ष के मध्य बहस हुई। सांसद के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। सांसद सिंह ने सीआई नेकीराम को मौके पर बुलाकर पालिका कर्मियों के सहयोग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मंचासीन वार्ड 11 की भाजपा पार्षद व महिला मोर्चा अध्यक्ष हंसकंवर ने भाजपा से ही पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन पर आक्रोशित शब्दों में उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं करवाने व चौपट हुई सफाई व्यवस्था का दुरूस्त नही करवाने व पार्षदों को तबज्जों नहीं देने का खुलकर आरोप लगाया।

सांसद सिंह व विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने पालिकाध्यक्ष जैन व कार्यवाहक ईओं संदीप गहलोत को कडी फटकार लगाते हुए अपनी कार्यशैली मे सुधार करने व सभी वार्डों मे समानांतर विकास कार्य करवाने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करवाने इत्यादि के कडे निर्देश दिए। पुराने थाने के पीछे सिंधी कॉलोनी मे रहने वाली प्रियंका रमानी ने भी पालिकाध्यक्ष पर उनके वार्ड में पेयजल व सफाई व्यवस्था नहीं किए जाने की बात कहीं।

सांसद सिंह ने यह भी कहा कि वह जल्द ही पुन: छबडा पहुंचकर पालिका के 35 वार्डों में ही पदयात्रा कर पालिका द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों का जायजा लेंगे। व्यवस्थाओं मे खामियां उजागर होने वह दोषियों खिलाफ विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेशित करेगें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीष मीणा, जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शर्मा, गोविंदसिंह चौहान, संयोजक लक्ष्मीनारायण केरवालिया, जिला उपाध्यक्ष माधुरी चौहान, उपजिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, मुकेश केरवालिया, प्रधान हरिओम नागर, छीपाबडौद प्रधान नरेश मीणा, चैयरमेन केसी जैन, नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गेरा, देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड, उदयसिंह लोधा व नगर महामंत्री हरिओम गौड सहित पराक्रम सिंह, रोहित अरोडा, कपिल यादव, पार्शद कमलसिंह आसावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष भंवरलाल वर्मा, भगवती वर्मा, गोविंद तिवारी, परमानंद साहू, एडवोकेट अजय श्रीवास्तव, नरेश बुनकर, महावीर सुमन आदि मौजूद रहे।

पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए:- क्षेत्र के गांव देहरी में गत 28 अप्रैल को पप्पू यादव का शव खेत मे मिलने पर पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं किए जाने की शिकायत मृतक के परिजनों व यादव समाज की महिलाओं ने सांसद से की और न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इसी क्रम में, बापचा थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर टूटबर्डी निवासी चैनसिंह लोधा ने चार दिन पूर्व उसके भाई रमेश लोधा के हत्यारों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार नही किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

बापचा क्षेत्र के गांव रंगपुरा निवासी रतन बंजारा ने भी प्रोपर्टी डीलर मनीष अरोडा के विरूद्ध सांसद को ज्ञापन सौंपा। युवराज चंदेल व कमल कालरा ने भी मनीष अरोडा पर उनके विरूद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कराने की शिकायत उन्हे दी। पुलिस विभाग की लचर कार्यप्रणाली पर सांसद सिंह ने नाराजगी जताते हुए मौके पर ही सीआई को जनता के परिवादों का तत्काल निस्तारण कर पीड़ितों को न्याय दिलाकर उन्हें राहत दिलाने के दिशा-निर्देश दिए।

गुमानपुरा में 11 मीटर ऊंची लगेगी आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा : धारीवाल

कोटा, (निसं)। कोटा की हृदय स्थली व्यस्तम बाजार गुमानपुरा में गुमानपुरा से छावनी और कोटड़ी की ओर जाने वाले रास्ते के बीच अब नये स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 11 मीटर ऊंची प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि गुमानपुरा में फ्लाईओवर के निर्माण के समय इंदिरा गांधी की प्रतिमा को हटाया गया था। अब विशाल प्रतिमा और प्रतिमा स्थल के

■ **जयपुर में गनमेटल की प्रतिमा तैयार हो रही है**

पास सौंदर्यकरण कार्य नगर विकास न्यास द्वारा करवाया जा रहा हैं। प्रतिमा स्थल के पास माउंट और गार्डन भी विकसित किया जा रहा है ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुव्यवस्थित हो सके। धारीवाल ने बताया कि कोटा में यातायात की सुगमता को लेकर एवं ट्रैफिक लाइट फ्री शहर बनाने के लिए फ्लाईओवर और अंडरपास के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट कंप्लीट हो गए हैं।

वहीं शहर के चौराहों के सौंदर्यीकरण के कार्य भी अंतिम चरण में है इसके साथ ही चंबल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क जैसे प्रोजेक्ट कोटा को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएंगे कोटा की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। गुमानपुरा फ्लाईओवर से व्यापारियों के साथ शहरवासियों को भी बड़ी राहत मिल रही है वही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की विशाल प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल के आसपास सौंदर्यकरण से गुमानपुरा आकर्षक नजर आएगा।

न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि करीब 3 करोड़ की लागत है प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल पर कार्य किया जा रहा है। 5 मीटर की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा जयपुर में गनमेटल से तैयार की जा रही है प्रतिमा को 6 मीटर ऊंचे पेडेस्टल पर स्थापित किया जाएगा करीब दो मीटर का फाउंडेशन प्रतिमा का होगा। 6 मीटर का पेडेस्टल राजस्थानी ब्लैक ग्रेनाइट बनाया जा रहा है वही बांसवाडा व्हाइट मार्बल से खूबसूरत फाउंडेशन बनाया जाएगा। करीब 3 मंजिला हाइट अधिक प्रतिमा नजर आएगी।

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम राशन कार्ड नं. 107005802405 में गल्ती से खानम बेगम अंकित हो गया है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम यासमीन है। अत: भविष्य में मुझे यासमीन के नाम से जाना पहचाना जावे।

यासमीन पत्नी फरहान बेग
संजय नगर गली नं. 11 कोटा

खोया-पाया

मेरे आवास संख्या 3-F-3 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा के मूल दस्तावेज अलोटमेंट लेटर, कब्जा पत्र, भौतिक कब्जा पत्र कही गुम हो गये है। काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला है। कृपया जिस किसी को मिले तो उक्त पते पर पहुंचाने की कृपा करें।
पता-श्रीमती गंगा देवी पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार आवास संख्या 3-F-3 दादाबाड़ी विस्तार योजना मो. 8764347634

कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा

क्रमांक:1570 दिनांक 23-05-2022

नाम हस्तांतरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा की योजना नई धानमंडी के भूखंड संख्या 51 का आवंटन आवंटन मण्डी समिति द्वारा दिनांक 03.11.1960 को श्री द्वारका प्रसाद बजारी पुत्र श्री रणछोड़दास को 2700 वर्ग फुट क्षेत्रफल का आवंटन हुआ था जिसका की रजिस्ट्री दिनांक 02.12.1960 को हो चुकी है। श्री द्वारका प्रसाद बजारी पुत्र श्री रणछोड़ दास के द्वारा उक्तभूखंड को जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.08.1965 से श्री ब्रजमोहन पुत्र श्री जमनालाल एवं श्री रामस्वरूप पुत्र श्री रामगोपाल को संयुक्तनाम से बैचान किया गया है।

उक्त भूखंड का उप विभाजन न्यास कार्यालय आदेश दिनांक 07.01.2022 से भूखंड संख्या 51-ए क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट एवं भूखंड संख्या 51 बी क्षेत्रफल 120 वर्गफुट में किया गया है। श्री ब्रजमोहन पुत्र श्री जमना लाल के द्वारा अपने अविभाजित हिस्से के जरिए पंजीकृत रिलीज डीड दिनांक 10.07.1986 से अपने छोटे भाई श्री नंदकिशोर पुत्र श्री जमनालाल के पक्ष में 1500 क्षेत्रफल का त्याग किया गया है हकत्याग ग्रहिता श्री नंदकिशोर पुत्र श्री जमनालाल के द्वारा 1500 वर्गफुट का नामांतरण चाहा गया है।

अत: जरिए आम सूचना सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई भी ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अंदर-अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें अन्यथा मियांद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड/आवास सं. 51-ए योजना नई धानमंडी का नाम हस्तांतरण श्री नंदकिशोर पुत्र श्री जमनालाल के नाम स्वीकृत कर दी जाएगी।

उप सचिव
नगर विकास न्यास कोटा

सार-समाचार

विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। मन आरोग्य न्यास संस्था द्वारा मंगलवार को समसामयिक कला दीर्घा कोटा में पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर विश्व सिजोफ्रेनिया मनाया। संस्था के समन्वयक विजय राघव ने बताया कि पोस्टर प्रदर्शनी की विषयवस्तु में सिजोफ्रेनिया सहित अन्य मानसिक रोगों की जानकारी भी सम्मिलित की गई। सिजोफ्रेनिया दिवस मनाने का उद्देश्य इस बीमारी के बारे में अनावश्यक भ्रांतियां मिटाना एवं जागरूकता फैलाना है ताकि लोग तांत्रिको एवं जादू-टोने के वहम से बाहर निकल के इसे मानसिक बीमारी समझकर समय पर चिकित्सीय सलाह लेकर इलाज करा सकें। इस अवसर पर मनोरोग चिकित्सकों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है, पुरुषों में किशोरावस्था से बीस की उम्र में और महिलाओं में बीस से तीस की उम्र में होने की ज्यादा संभावना रहती है तथा महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या दो से तीन गुना ज्यादा होती है। कम उम्र में होने से ज्यादा चिंताजनक स्थिति रहती है। कुल आबादी के करीब एक प्रतिशत लोग सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है। इस मानसिक बीमारी में शरीर के रासायनिक असंतुलन के कारण मरीज तरह तरह के ख्यालों के साथ अपने आपको असुरक्षित एवं दुनिया से कटा कटा महसूस करने लगता है। इसमें मरीज को तरह-तरह की आवाजें सुनाई देने लगती हैं। मरीज को ऐसा महसूस होता है मानो कोई उसकी जासूसी कर रहा हो। सिजोफ्रेनिया दिवस एवं पोस्टर प्रदर्शनी के सफल आयोजन में संस्था के कार्यकर्ता अनिल चौधरी, गौरव नामदेव, ललित मेवाड़ा, गौरव बंजारा, जगदीश एवं शंभूदयाल सुमन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संदेश दिया

कोटा, (निसं)। कीर्ताशम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से मंगलवार को नयापुरा व स्टेशन क्षेत्र में जन-जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, संवाद एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित हुए एवं आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संदेश दिया। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग की आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से आम जन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं शिक्षाविद प्रो. गिरिराज गोयल ने बताया कि प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने के लिए जन-जागरूकता का माहौल तैयार किया जा रहा है। संस्थान की सचिव रेखा सैनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा जन जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधिया आयोजित कर मिशन मोड पर काम किया जा रहा है। इस दौरान रंगकर्मियों द्वारा लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से बचें। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी कलाकार किरण बाला गौतम ने किया। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा ने बताया कि बुधवार को सीवी गार्डन मे लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

रामगंजमण्डी,(निसं)। शहर में मंगलवार को प्रात: विधि विधान से कलश पूजन किया गया और गायत्री मंत्र का जाप हुआ। तदुपरांत रामगंजमंडी नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल सैनी ने समाजसेवी वीरेंद्र जैन गायत्री परिवार के बद्रीलाल काला पंकज काला आशीष पोरवाल शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया।कलश यात्रा गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा रोड सरकारी कुएं, पन्नालाल चौराहे से गोवर्धन नाथ मंदिर फिर बाजार नंबर 2 माल गोदाम चौराहा होती हुई गायत्री शक्ति पीठ पंहुची। जहां कलशों की भव्य आरती की गई एवं सभी ने प्रसादी ग्रहण की। कलश यात्रा मार्ग में जगह जगह नगरवासियों ने शीतल जल, शर्बत, मिल्क शेक, लस्सी तथा पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा में, धर्म ध्वजा रक्षक टोली, डीजे, कलश धारी देवियां, वेद धारी पुरुष, ज्ञान रथ, उद्घोष टोली, सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे। महायज्ञ की कडी में दूसरे दिन 25 मई बुधवार को प्रात: 6.00 से 7.30 प्रज्ञा योग एवं प्रात: 8.00 बजे से हवन आहुति का शुभारंभ होगा हवन के लिए गायत्री शक्ति पीठ परिसर में ही देव मंच व्यासपीठ एवं 24 कुंडो का निर्माण किया गया है।

चैन माउंटेण्ड मशीनों से नालों की सफाई जारी

नगर निगम, कोटा दक्षिण द्वारा नालों का सफाई का कार्य जारी है।

कोटा, (निसं)। मानसून दस्तक से पूर्व नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा शहर के नालों की सफाई का त्रिस्तरीय अभियान लगातार जारी है।

मंगलवार को दक्षिण क्षैत्र के जवाहर नगर, बसंत विहार के नालों की चैन माउंटेण्ड मशीनों से सफाई की गई। जवाहर नगर एयरपोर्ट के पीछे एवं श्रीजी मैरिज हॉल के पास वाले नाले से लगातार

■ **जवाहर नगर नाला व बसंत विहार नालों की सफाई जारी**

मलवा कचरा निकाला जा रहा है। बसंत विहार में एस.एन. पारीक अस्पताल से केशवपुरा मुक्तिधाम तक के नाले की सफाई के दौरान भारी मात्रा में मलवा निकाला जा रहा है। महापौर राजीव अग्रवाल भारती ने बताया कि मानसून को देखते हुए दक्षिण क्षैत्र के सभी बड़े छोटे बरसाती नालों को चैन माउंटेण्ड मशीनों, जेसीबी एवं मैनुअल श्रमिकों द्वारा लगातार सफाई की जा रही है। महापौर ने बताया कि कोटा दक्षिण के विभिन्न वार्डो से करीब 50 बरसाती नालों को जेसीबी द्वारा साफ किया जा चुका है।

पुरस्कार के लिए हथकरघा बुनकरों से आवेदन पत्र आमंत्रित

कोटा, (निसं)। जिले में कार्यरत् व्यक्तिगत हथकरघा बुनकरों या हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए नकद पुरूस्कार दिये जाने का निर्णय लिया गया है। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र सीताराम पूनिया ने बताया कि जिला स्तरीय पुरूस्कार के लिए जिले की सीमा में कार्यरत हथकरघा बुनकरों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये हैं। उन्होंने बताया कि चयन के लिए बुनकरों या हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों का उनके गत तीन वर्षों का कार्य, लाभ अर्जन, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मेलों में उनकी सहभागिता, विभागीय योजनाओं में सक्रिय भूमिका व अन्य विशिष्ठ योजना के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बुनकरों का चयन जिला कलक्टर की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया जायेगा तथा इसके लिए वे बुनकर पात्र हैं जो हथकरघा पर बुनाई कार्य पिछले तीन वर्षों से कर रहे हैं तथा जिन्हें गत् तीन वर्षों से इस पुरूस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया है। चयनित बुनकरों, हथकरघा बुनकर सहकारी सिमतियों को प्रथम पुरूस्कार 5 हजार 100 रूपये, द्वितीय पुरूस्कार 3 हजार 100 रूपये, तृतीय पुरूस्कार 2 हजार 100 रूपये एवं सांत्वना पुरूस्कार एक हजार 100 रुपये नगद दिया जायेगा।

कार्यालय नगरपालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक:-2996-2998 **आपत्ति सूचना पत्र** दिनांक: 24.5.22

सर्व साधारण एवं हर खास एवं आम को सूचित किया जाता है कि श्री मोईनुदीन आ. अली मोहम्मद जाति मुस्लिम निवासी वार्ड नं. 19 अजीजिया कालोनी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी (राज.) पत्रावली प्रस्तुत कर स्वयं के द्वारा स्वयं के नाम पट्टा संख्या 939 दिनांक 19.02.2009 पर साईज 2500 वर्गफीट वाके वार्ड नं. 2 के. पाटन फाटक मैन रोड पर ग्राउण्ड फ्लोर की भवन निर्माण स्वीकृति चाहता है। मूल पट्टेदार श्री मोईनुदीन आ. अली मोहम्मद जाति मुस्लिम निवासी वार्ड नं. 19 अजीजिया कालोनी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी (राज.) भवन निर्माण स्वीकृति देने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो यो मय साक्ष्य सबूत के अन्दर अवधि 07 योम में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने अवधि उक्त पट्टे पर श्री मोईनुदीन आ. अली मोहम्मद जाति मुस्लिम निवासी वार्ड नं. 19 अजीजिया कालोनी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी (राज.) भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के. पाटन

आम सूचना

यह की सुयसी एग्रो एंड बायोफ्यूल्स प्रा. लि. द्वारा मूझे आशय की सूचना जारी करने के लिए नियुक्त किया हैं।

यह कि ग्राम साथेली (लीलेडा व्यासान) में खसरा नं. 1114/675 गोपाल पुत्र रामनाथ जाति माली रकबा 0.5322 हे. एवं खसरा नं. 1117/675 हजारी बाई पत्नी रतन लाल जाति गुर्जर रकबा 0.5322 हे. द्वारा दोनों पूर्ण खसरे सम्पूर्ण हिस्सा हमारी कंपनी को बैचने का करार किया हैं।

उक्त खसरा नम्बर में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो मुझ सूचनाकर्ता को 3 दिन के अंदर संपर्क करके आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

निदेशक
सुयसी एग्रो एंड बायोफ्यूल्स प्रा. लि.
DWT B-501, 5th Floor, मानसरोवर जयपुर (राज)
मो. 7597308565

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक ली

झालावाड़, (निसं)। पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् झालावाड द्वारा मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में झालावाडी प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, असनावर मधुमक्खी पालक एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ मधुसखी झालावाडी शहद से संबंधित समीक्षा बैठक जिला परिषद् के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से कहा कि मधुसखी झालावाडी शहद के उत्पादन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार दिलाना एवं उन्हें सशक्त व सबल बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें मधुसखी झालावाडी शहद को अपनी लगन व मेहनत से जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश एवं देश में फैलाना है। इसके लिए अभी तक समूहों की जो महिलाएं इस कार्य से नहीं जुडी है, उन्हें भी जागरुक एवं प्रेरित कर इस कार्य से जोड़े।

उन्होंने कहा कि समूह की जो महिलाएं मधुमक्खी पालन का कार्य नहीं कर सकती हैं वह केवल बी-बॉक्स खरीदकर भी शहद के उत्पादन में अपना सहयोग दे सकती हैं। इसके लाभांश का वितरण बॉक्स खरीदने वाली तथा कार्य करने वाली महिलाओं के मध्य एफपीओ (किसान उत्पादन संगठन) के नियमानुसार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहद उत्पादन के कार्य को करने के लिए जो भी आवश्यक मांग हो उसे गठित समिति के समक्ष रखें ताकि उसे पूर्ण करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिधि बी.टी. ने कहा कि झालावाडी शहद के उत्पादन कार्य के लिए एफपीओ में अधिक से अधिक महिलाओं को जोडें तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

इस कार्य में लगी नीचले स्तर की प्रत्येक महिला को कम्पनी के लाभांश एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा लिए गए निर्णयों की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है।

आफत की बारिश के साथ छप्पर व टीनशेड उड़े

छबड़ा, (निसं)। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार रात्रि को तेज अंधड के साथ हुई बारिश से अनेक पेड, विद्युत पोल धराशायी हो गए, जिससे रास्ते अवरूद्ध हो गए, काफी देर तक मूसलाधार बारिश का भी दौर चला तथा कुछ स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि भी हुई।

ग्रामीण अंचल में कच्चे-पक्के मकानों की दीवारे ढहने से लोग बेघर हो गए। जगह-जगह विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त होने व फाल्ट आने के कारण कई गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप रहीं।

सोमवार रात्रि को काफी देर तक तेज धूल भरी आंधी बारिश का दौर चलने से घरों के चद्दर, टीनशेड, दुकानदारों के साइन बोर्ड, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि उड गए। अचानक आईं आंधी व बारिश से

■ **शादी-समारोह में बारिश का दखल, कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित**

■ **कच्चे, पक्के मकानों की दीवारें ढही**

शादी विवाह समारोह में विघ्न आ गया और यहां अव्यस्थाएं पसर गई। शादी समारोह स्थल पर लगे टेंट पांडाल उड गए, सजावट के लिए लगाए गए वीआ पी गेट, तोरण द्वार, डीजे, बिजली के उपकरण आदि क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे टेंट वालो को बडा नुकसान हुआ है।

शादी समारोह में रोशनी और साज-सज्जा के बजाय अंधेरा ही अंधेरा छा गया। कस्बे की जैन धर्मशाला के सामने लगे चद्दर भी धाराशाही हो गई, गनीमत रही कि कोई हादसा घटित नहीं हुआ।

इसी के साथ ही सड़क किनारे लगी अस्थाई दुकानें भी अस्त-व्यस्त हो गई। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में तेज अंधड से टीन टप्पर उडने व जगह-जगह पेड़ व विद्युत पोल गिरने के चलते लोग छुपने की जगह तलाशते रहे। हालांकि जगह-जगह पेडों के धराशायी होने व टीन टप्पर उडने से लोगों को भारी परेशानी हुई। लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली।

तेज अंधड़ बीच हुई बारिश से तेज गर्मी में लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में बड़ी तादाद में जगह-जगह पेड़ में विद्युत पोल गिरने के बाद शहर सहित अनेक गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप रहीं जहां पुन: विद्युत आपूर्ति सुचारू होने में कई घंटों का समय लगा।

भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड ने बताया कि ग्राम पंचायत घाटाखेडी, निपानियां, पचपाड़ा, मूंडक्या, भूलोन, जैपला में किसानों का व्यापक नुकसान हुआ हैं। वहीं, भूलोन पंचायत के गांव माणकचौक में चद्दर गिरने से एक वृद्ध महिला घायल हो गई। मवासादोला में कजोड़ मीणा एवं खेरखेडा मीणा में दौलत मीणा के मकान के चद्दर उड गए व पक्की दीवारे ढह गई।

इसी प्रकार कई कच्चे-पक्के मकानों में काफी नुकसान हुआ है। गौड ने प्रशासन से शीघ्र ही नुकसान का आंकलन करवाकर पीड़ितों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

कार्यालय नगर पालिका रामगंजमंडी जिला कोटा (राज.)

क्रमांक: न.पा.रा./2022/654 दिनांक: 23.05.2022

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 अन्तर्गत पट्टा नियमन आवंटन बाबत निम्न पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त पत्रावलियों में पट्टा दिये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के सात दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर दें। समयवधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पता	राजस्व ग्राम मय खसरा नं.	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	कॉलोनी का नाम
1	श्री रामकरण पुत्र श्री सुरतराम जाति पाटीदार निवासी ग्राम जुल्मी तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	28	1500 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
2	श्रीमती सीमा बाई पत्नी श्री प्रेमचन्द जाति धाकड़ निवासी ग्राम सामिया तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	D-4	585 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
3	श्रीमती सुनीता पत्नी श्री गोरधनलाल जाति अहीर निवासी हाउसिंग बोर्ड रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	D-7	900 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
4	श्री राकेश कुमार पाटीदार पुत्र श्री नन्दलाल जाति पाटीदार निवासी ग्राम जुल्मी तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	23	1067 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
5	श्री बिरजू कुमार गुर्जर पुत्र श्री नन्दकिशोर जाति गुर्जर निवासी रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	33	990 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
6	श्रीमती ललिता पत्नी श्री राकेश कुमार जाति पाटीदार निवासी ग्राम जुल्मी तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	B-4	1475 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
7	श्रीमती शोभा कंवर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम हरिपुरा तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	D-1	1200 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
8	श्री बसन्त कुमार पुत्र श्री भंवरलाल एवं श्री दिक्षित कुमार पुत्र श्री बसन्त कुमार जाति महाजन निवासी रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	C-3, C-4	1600 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
9	श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री जगदीश चन्द्र जाति धाकड़ निवासी ग्राम हरिपुरा तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना	D-2	1000 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
10	श्री भवानीशंकर पुत्र श्री तुलसीराम जाति धाकड़ निवासी एकलिंगपुरा तहसील रावतभाटा जिला चित्तौड़	गोरधनपुरा 171 पुराना 319 नया	5	897.75 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
11	श्री महावीर पुत्र श्री भैरुलाल जाति लुहार निवासी रेदार कालोनी रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना 319 नया	40	640 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
12	श्री कन्हैयालाल पुत्र श्री बजरंगलाल जाति धाकड़ निवासी ग्राम नियामतखेड़ी तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना 319 नया	44	770 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
13	श्री रामस्वरुप पुत्र श्री रामचन्द्र जाति धाकड़ निवासी ग्राम नियामतखेड़ी तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 675/319	45	754 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
14	श्री राधेश्याम पुत्र श्री रामचन्द्र जाति धाकड़ निवासी ग्राम अमरपुरा तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना 319 नया	47	780 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर
15	श्री संजय कुमार धाकड़ पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण जाति धाकड़ निवासी ग्राम नियामतखेड़ी तहसील रामगंजमंडी	गोरधनपुरा 171 पुराना 319 नया	D-3	800 वर्गफीट	रिद्धी सिद्धी नगर

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रामगंजमंडी